PAGE8.qxd 08-Oct-26 9:05 PM Page 1

त्योहारों के चलते पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगा ब्रेक

११ से २५ तक अवकाश पर लगी रोक, आपात स्थिति में पुलिसकर्मी को एसपी और अफसरों को डीजीपी से लेनी होगी अनुमति

भोपाल (एजेंसी)। आगामी दिनो में नवरात्रि और दशहरा पर्व को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर मध्यप्रदेश पुलिस ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा इस संबंध में जारी किये गये आदेश के तहत ११ अक्टूबर से २५ अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को सामान्य तौर पर अवकाश नहीं दिया जाएगा। इन त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में धार्मिक आयोजन, गरबा, जुलूस, चल समारोह और अन्य कार्यक्रम होते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता रहती है। इसी को देखते हुए पुलिस विभाग ने इस अवधि में बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

आदेश के अनुसार, यदि किसी पुलिसकर्मी को आपात स्थिति में अवकाश की आवश्यकता पड़ती है, तो उसे अपने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के छुट्टी नहीं मिलेगी। वहीं आला पुलिस अधिकारियों को भी अवकाश के लिए सीधे डीजीपी कैलाश मकवाना से अनुमति लेनी होगी। आदेश के मुताबिक ११ से २५ अक्टूबर के बीच सामान्य अवकाश पर पूरी तरह रोक रहेगी और विशेष परिस्थितियों में ही अनुमति मिल सकेगी।

घर में घुसकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

जबलपुर, (एजेंसी)। अधारताल थाना पुलिस ने घर में घुसकर नकदी और मोबाइल लूटने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी अनीस की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान जावेद, सुल्तान और मंगन को हिरासत में लिया गया। तीनों आरोपी हनुमानताल थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में दो का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

दुकान में छोले-भटूरे खा रहे थे ग्राहक, अचानक सिलेंडर ब्लास्ट से लगी आग, मचा हड़कंप

२५ फीट ऊंची उठीं लपटें, २ किलोमीटर दूर तक नजर आया धुंआ, आधा दर्जन दुकानों सहित १०-१२ रेहड़ियां आई चपेट में, न्यू मार्केट में हुई घटना, दर्जन भर से अधिक दमकलों ने पाया काबू, करोड़ों के नुकसान का अनुमान

भोपाल (एजेंसी)। राजधानी भोपाल के टीटी नगर थाना इलाके में न्यू मार्केट स्थित बालाजी छोले-भटूरे दुकान में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब गुरुवार दोपहर के समय ग्राहक दुकान में छोले-भटूरे खा रहे थे, उसी दौरान अचानक सिलेंडर ब्लास्ट से दुकान में आग लग गई। धमाके के बाद अचानक लगी आग देख दुकान में मौजूद लोग जान बचाकर बाहर भागे और मौके पर भीड़ जुट गई। बताया गया है की हादसे के दौरान दुकान के अंदर करीब ५० से ६० लोग मौजूद थे, जो आग लगते ही बाहर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान में भटूरे बनाए जाने के दौरान अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन दुकान में लगे पर्दे आग की चपेट में आये जिसके कारण आग तेजी से फैल और देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। आग की लपटें करीब २५ फीट ऊपर तक उठीं और इसका धुआं २ किमी दूर तक दिखाई दिया। छोले-भटूरे की दुकान में लगी आग तेजी से फैली और आसपास की आधा दर्जन दुकानों को चपेट में ले लिया। कुर्ता-पायजामा की दुकान, मोबाइल शॉप, चार मंजिला बर्तन की दुकान और रेडीमेड कपड़ों की दुकान तक पहुंची। आग में १०-१२ रेहड़ियां भी जल गईं। सूचना मिलने पर १५ से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को फैलने से रोकने की कोशिश करते हुए उस पर काबू पाने के प्रयास शुरु कर दिये। आग बुझाने के लिये लिये दुकान की दीवार भी तोड़ी गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया। दुकान में दो गैस सिलेंडर रखे होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि सिलेंडरों में ब्लास्ट के बाद आग तेजी से भड़की थी। वहीं पीड़ित दुकानदारों के मुताबिक दुकानों में दिवाली का स्टॉक भरा था, जो आग में जल गया। चार मंजला बर्तन की दुकान भी इसकी चपेट में आई। पास में कपड़े की संदीप गारमेंट्स नाम से दुकान संचालित करने वाले संजय कुमार जैन ने बताया कि उन्होंने नगर निगम को फोन कर दमकल वाहन बुलाया।

उनके मुताबिक फायर ब्रिगेड करीब आधे घंटे बाद पहुंची, तब तक आग आसपास की दुकानों तक फैल चुकी थी। एक दुकान में करीब ७५ लाख से १ करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ है। अग्निकांड से गुस्साये व्यापारियो ने कहा की अतिक्रमण और जाम के कारण दमकल वाहन को अंदर पहुंचने में समय लगा। आग के बाद व्यापारियों ने महापौर और विधायक सबनानी के सामने न्यू मार्केट में अवैध तरीके से लगने वाली दुकानों और अतिक्रमण को लेकर विरोध जताया।

जनगणना २०२७ के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना कार्य के लिए अंतिम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न

भिण्ड (एजेंसी)! भारत की जनगणना २०२७ का द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी २०२७ में किया जाना है। जनगणना कार्यों को समय-सीमा में संपादित कराने के लिए राज्य शासन के अधिकारियों का विभिन्न स्तर पर अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। इस अनुक्रम में जनगणना २०२७ के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना के कार्य के लिए ०२ दिवसीय द्वितीय बैच के अंतिम दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम समय प्रातः ०९:३० बजे से सायं ६:०० बजे तक जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में राज्य स्तर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक श्री भूपेन्द्र श्रीवास्तव, श्री भानुप्रताप सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड एवं अतिरिक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में जनगणना २०२७ द्वितीय चरण के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

पटवारियों का आनलाइन राजस्व कार्यों से बहिष्कार

जबलपुर, (एजेंसी)। स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन को लेकर पटवारियों और प्रशासन के बीच विवाद बढ़ गया है। देवास में चार पटवारियों की सेवा समाप्ति तथा जबलपुर समेत अन्य जिलों में निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने आंदोलन तेज कर दिया है। संघ का कहना है कि वह शासकीय कार्य का विरोध नहीं कर रहा, बल्कि स्वामित्व योजना से जुड़े दस्तावेजों में पटवारियों की निजी जानकारी सार्वजनिक किए जाने पर आपत्ति है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुश्री मुक्ता चौकसे ने कहा कि अधिकार अभिलेख और रजिस्ट्री में पटवारियों के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ओटीपी, नाम और फोटो जैसी व्यक्तिगत जानकारियां प्रदर्शित हो रही हैं। संघ की मांग है कि ऐसे दस्तावेजों में केवल संबंधित पटवारी का पदनाम दर्ज किया जाए। इसी मुद्दे को लेकर पटवारियों ने करीब २० दिन पहले स्वामित्व योजना के कार्य का बहिष्कार किया था।

शासकीय व्हाट्सएप समूहों से भी हुए बाहर ष्ठष्ठ.

जिलाध्यक्ष जागेन्द्र पीपरी, प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र बघेल और जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुश्री मुक्ता चौकसे के नेतृत्व में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव तथा जबलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के अनुसार, ८ अक्टूबर से प्रदेशभर के पटवारी ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत हो गए हैं और शासकीय व्हाट्सएप व अन्य संचार समूहों से बाहर हो गए हैं। संघ ने देवास की सेवा समाप्ति तथा जबलपुर सहित अन्य जिलों में हुई निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। कार्रवाई जारी रहने पर प्रदेशव्यापी टोटल शटडाउन और अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

बरगी रोड पर पिकअप में फंसी बाइक, युवक गंभीर

जबलपुर, (एजेंसी)। बरगी रोड पर सुबह पिकअप वाहन की टक्कर के बाद बाइक सवार युवक वाहन में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया।

हादसे में विजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के पीछा करने पर पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल को धूमा स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार विजय यादव बाइक से बरगी होते हुए धूमा जा रहा था।

सुबह करीब १० बजे पीछे से आए पिकअप वाहन ने वाहन रोकने का प्रयास किया तो चालक पिकअप छोड़कर भाग हादसे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

आदिवासी हास्टल में गर्भवती विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल (एजेंसी)। राजधानी के कमला नगर थाना इलाके में डिपो चौराहा स्थित आदिवासी हॉस्टल में गुरुवार सुबह चार महीने की गर्भवती द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार २३ वर्षीय प्रियंका अहिरवार विदिशा जिले के टेरन तहसील क्षेत्र की रहने वाली थी। करीब तीन साल पहले उसने विष्णु अहिरवार से प्रेम-विवाह किया था। उसका पति विष्णु डॉयल-१०० कंट्रोल रूम के सामने स्थित आदिवासी हॉस्टल में केयर टेकर का काम करता है। प्रियंका पति विष्णु के साथ हॉस्टल में रहती थी। विष्णु ने छात्रावास में एक और कमरा अलॉट करवा लिया था, जिसमें उसके माता-पिता रहते थे। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना गुरुवार सुबह करीब ४ बजे मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके की जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये हमीदिया अस्पताल मर्चुरी पहुंचा दिया। बताया गया है की बीती रात खाना खाने के बाद प्रियंका और उसका पति कमरे में सो गए थे। रात करीब ढाई बजे विष्णु की नींद खुली तो उसे पत्नि प्रियंका का शरीर कमरे में फंदे पर लटका नजर आया। वह उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुचां जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है की फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने प्रियंका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है। हालांकि, उसके गले और पीठ पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। मृतका प्रियंका के परिवार वालो ने बताया की वर्तमान में प्रियंका चार महीने की गर्भवती थी। उनका आरोप है कि प्रियंका ने फोन पर कई बार पति की शिकायत करते हुए बताया था की विष्णु नशे में धुत होकर उसके साथ मारपीट करता है। शुरुआती छानबीन के आधार पर पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, मृतका के गले और पीठ पर चोट के निशान भी मिले हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। जॉच टीम का कहना है की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद नवविवाहिता के परिजनों के डिटेल बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।

युवक फांसी पर लटका अज्ञात का शव मिला

ग्वालियर (एजेंसी)। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना का पता चलते ही परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां पर बुधवार की दरमियानी रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर निवासी ३० वर्षीय मोनू रजक पुत्र रामकिशन रजक प्राइवेट जॉब करता है। मंगलवार को उसने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसे देखते ही उन्होंने उसके पैर पकड़े और फंदा काटकर नीचे उतारा। उसकी नब्ज टटोली तो पता चला कि उसकी सांसे चल रही है। तुरंत ही परिजन उसे लेकर अस्पताल लेकर पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर दो दिन जिंदगी की जंग लड़ने के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है वही गुरुवार सुबह गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के श्याम वाटिका के पास एक युवक का शव मिला है हैं। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।

युवक के सिर से खून निकल रहा था। मृतक कौन है और कहा का रहने वाला है। फिलहाल इसका पता नहीं चला है।

एमएलबी स्कूल में कैंटीन का खाना खाने से तीन छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती, खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

जबलपुर, (एजेंसी)। राइट टाउन स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एमएलबी स्कूल) में कैंटीन का खाना खाने के बाद तीन छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। परिजनों और स्कूल प्रबंधन ने तत्काल तीनों छात्राओं को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया।

परिजनों के अनुसार कैंटीन का भोजन करने के कुछ ही देर बाद परिकल्पना पांडे, कमल और सुप्रिया को चक्कर आने लगे और उनकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। समय पर उपचार मिलने के बाद छात्राओं की स्थिति में अब सुधार बताया जा रहा है।

घटना के बाद विद्यालय परिसर में संचालित कैंटीन की खानपान व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अभिभावकों ने खाद्य सामग्री के रखरखाव, रसोई की साफ-सफाई और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया की जांच की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययनरत हैं, इसलिए कैंटीन में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। खाद्य सामग्री के भंडारण से लेकर भोजन तैयार करने और परोसने तक की प्रक्रिया की नियमित जांच जरूरी है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा कैंटीन के भोजन और व्यवस्थाओं की जांच किए जाने की आवश्यकता है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस ने ज्ञानेश का फूंका पुतला

जबलपुर, (एजेंसी)। शाहपुरा में युवा कांग्रेस बरगी विधान सभा व नगर कांग्रेस के नेतृत्व में चुनाव आयोग प्रभुख ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया ओर पुतले में नकली नोटो की माला भी पहनाई गई युवा कांग्रेस बरगी विधान सभा अध्यक्ष विवेक सिंघई ने बताया कि बीजेपी भारत का संविधान बदलने की कोशिश कर रहे हैं और राहुल गांधी को जिस प्रकार गिरफ्तार किया है यह सब संविधान के विरुद्ध हैं राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया है और ज्ञानेश कुमार की इस्तीफा की मांग की है।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नीलेश जैन, विवेक सिंघई, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला , नान्ना राय, राम बाबू सिंह, नगर कांग्रेश अध्यक्ष घनश्याम पटेल , मोनू जयसवाल,पचम सिंह , संग्राम लोधी ,सुरेंद्र सिंह ,राज बहादुर, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष शेरू सिंह, जितेंद्र सिंह गौर, सिंह, राजू जैन, संग्राम सिंह , देवांश सेगर, रीतेश नामदेव, हर्ष जसवाल, सन्नु जैन, शिवम खटीक आदि कांग्रेस से उपस्थित रहे।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े प्रवेश

दतिया (एजेंसी)! शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पात्र हितग्राहियों के जीवन में बदलाव लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दतिया जिले के सेवढ़ा निवासी दिव्यांग दंपति प्रवेश कुशवाह एवं पूजा कुशवाह की सफलता की कहानी इसका प्रेरणादायक उदाहरण है। प्रवेश एवं पूजा का विवाह होने के बाद परिवार के सामने नियमित आय और स्थायी आजीविका का साधन स्थापित करने की चुनौती थी। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण स्वयं का व्यवसाय शुरू करना उनके लिए आसान नहीं था। ऐसे समय में शासन की दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आई। सेवा संकल्प अभियान के दौरान प्रवेश एवं पूजा कुशवाह को योजना के अंतर्गत २ लाख रूपये की सहायता राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। जिला समग्र संयोजक नरेंद्र दुबे द्वारा योजना की जानकारी एवं लाभ के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। प्राप्त सहायता राशि का उपयोग प्रवेश ने स्वरोजगार स्थापित करने में किया। उन्होंने सेवढ़ा मंडी में सब्जी का व्यवसाय प्रारंभ किया, जिससे उन्हें नियमित रूप से आय अर्जित करने का अवसर मिला। आज प्रवेश स्वयं मेहनत कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं और इसी के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। योजना से मिली आर्थिक सहायता ने प्रवेश को केवल आर्थिक संबल ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान किया। स्वरोजगार शुरू होने से परिवार में आर्थिक स्थिरता के साथ आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान भी बढ़ा है। प्रवेश कुशवाह ने बताया कि दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मिली २ लाख रूपये की सहायता उनके लिए नई जिंदगी की शुरुआत का आधार बनी। इस राशि से सब्जी व्यवसाय शुरू कर वे आज स्वयं अपनी आजीविका चला रहे हैं और परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सक्षम हैं। उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन दतिया एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रवेश एवं पूजा कुशवाह की कहानी यह संदेश देती है कि शासकीय योजनाओं का लाभ जब सही हितग्राही तक पहुंचता है, तो वह सहायता का माध्यम मात्र नहीं रहता।

तर्पण एवं श्राद्ध के बाद कल होगी पितरों की विदाई

जबलपुर, (एजेंसी)। पितर पक्ष में पितरों का तर्पण का सिलसिला जारी है। पितर पक्ष की आज चर्तुदर्शी तिथि है। पूरे पितर पक्ष में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग तरह से स्वर्ग सिधारने वालों का विशेष श्राद्ध किया जाता है। चर्तुदर्शी तिथि को महिलाओं का विशेष रुप से श्राद्ध किया जाता है। जिससे मातृऋण से मुक्ति मिलती है। इन विशेष तिथियों में श्राद्ध कर्म करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतामाचार्य ने बताया कि अगामी १० अक्टूबर अमावस्या को पितरों की विदाई की जायेगी। इस दिन पितृमोक्ष अमावस्या में पितरों के निमित्त अंतिम पूजा होगी।

पिकअप वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा गंभीर

जबलपुर, (एजेंसी)। पनागर थाना अतंर्गत बरझाई बायपास में एक पिकअप वाहन ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गयी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया हैं

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तिवारीखेड़ा निवासी ३० वर्षीय सुशील केवट और दीपक कोल बाईक से बम्हनोदा तरफ से हाईवे से बरझैया वायपास होकर पनागर जा रहे थे शाम लगभग ५ बजे बरझाई वायपास पनागर तरफ मुड़ते समय पीछे से पिकअप वाहन के चालक ने उनकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों नीचे गिर गए और सुशील केवट के सिर में व दीपक के पैर में चोट आ गयी है। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही सुशील का भाई सुनील कुमार केवट मौक पर पहुंचा और एम्बुलेंस से दोनों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर लेकर पहुंचा, जहां डाक्टर ने चैक कर सुशील केवट को मृत घोषित कर दिया

श्रम प्रहरी अभियान के तहत अपंजीकृत कारखानों एवं संस्थानों की सूचना देने की अपील

दतिया (एजेंसी)। श्रम पदाधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रम प्रहरी, श्रम विभाग मध्यप्रदेश की पहल के तहत नागरिकों से अपने आसपास संचालित अपंजीकृत कारखानों, संस्थानों अथवा निर्माण कार्यों की सूचना श्रम विभाग के ऑनलाइन पोर्टल अथवा टोल-फ्री नंबर पर।

ट्विशा शर्मा मौत मामला: सास गिरिबाला की जमानत याचिका में संशोधन की अनुमति

हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना संबंधी आरोप हटाने की अनुमति दी, अब आत्महत्या से जुड़े आरोपों पर होगी सुनवाई

जबलपुर, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ में गुरुवार को भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने गिरिबाला सिंह को अपनी जमानत याचिका में संशोधन करने की अनुमति प्रदान कर दी। मामले में अगली सुनवाई १६ अक्टूबर को होगी।

सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह की ओर से जमानत आवेदन में संशोधन करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें दहेज प्रताड़ना से संबंधित आरोप को हटाने की अनुमति मांगी गई थी। हाईकोर्ट ने आवेदन स्वीकार करते हुए जमानत याचिका में संशोधन की अनुमति दे दी।

सीबीआई ने पेश की थी लिखित आपत्ति.....

इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से हाईकोर्ट में लिखित आपत्ति पेश की गई थी। सीबीआई ने बताया था कि जांच के दौरान दहेज की मांग किए जाने से संबंधित साक्ष्य नहीं मिले हैं। इसके बाद गिरिबाला सिंह की ओर से जमानत आवेदन में संशोधन कर दहेज प्रताड़ना से संबंधित धारा हटाने का अनुरोध किया गया था।

अब जमानत याचिका में संशोधन के बाद मामले की सुनवाई आत्महत्या से जुड़े आरोपों के संदर्भ में आगे होगी। हाईकोर्ट ने संशोधन की अनुमति देते हुए जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए १६ अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है।

१२ मई को हुई थी ट्विशा की मौत.....

गिरिबाला सिंह की बहू ट्विशा शर्मा ने १२ मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद ट्विशा के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का आरोप था कि ट्विशा को दहेज की मांग को लेकर परेशान किया जा रहा था और मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ प्रताड़ना की गई।परिवार की ओर से यह भी आरोप लगाया गया था कि कथित मानसिक प्रताड़ना के चलते ट्विशा ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की जा रही है।

ब्यावरा में खेत पर करंट लगने से युवक की मौत

ब्यावरा (एजेंसी)। चंदरपुरा गांव में गुरुवार दोपहर को खेत में मोटर का बिजली कनेक्शन जोड़ते समय एक २६ वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई।करंट लगने के बाद युवक तार से चिपक गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे अलग कर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ृ चंदरपुरा निवासी जगदीश पिता हरिसिंह सोंधिया खेत में मोटर चलाने के लिए बिजली के तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट प्रवाहित होने से वह तार की चपेट में आ गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तार से अलग किया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि जगदीश विवाहित थे। उनके एक बेटा और एक बेटी हैं। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि चंदरपुरा में युवक की करंट लगने से मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

२४ से जबलपुर-इंदौर हवाई सेवा बंद होगी

इंडिगो ने विंटर शेडयूल में नहीं दी जगह, यात्रियों को होगी परेशानी

जबलपुर, (एजेंसी)। करीब ४५० करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक स्वरूप ले चुके डुमना एयरपोर्ट से जुड़ी यात्रियों के लिए निराशाजनक खबर सामने आई है। विमानन कंपनी इंडिगो ने २४ अक्टूबर से जबलपुर-इंदौर होते हुए हैदराबाद जाने वाली नियमित उड़ान को बंद करने का निर्णय लिया है। आगामी शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में इस सेवा को शामिल नहीं किया गया है। जबलपुर और इंदौर के बीच यह एकमात्र सीधी हवाई सेवा थी।

बताया जा रहा है कि इस मार्ग पर संचालित ७८ सीट क्षमता वाले एटीआर विमान के रखरखाव के कारण कंपनी ने सेवा बंद करने का फैसला लिया है। हालांकि, जबलपुर-हैदराबाद मार्ग पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए १८६ सीट क्षमता वाले बड़े विमान के संचालन की तैयारी की जा रही है।

यात्रियों के सामने बढ़ेगी परेशानी.....

जबलपुर और इंदौर मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र हैं। दोनों शहरों के बीच हवाई संपर्क खत्म होने से यात्रियों को अब सड़क अथवा रेल मार्ग का सहारा लेना पड़ेगा। विमान से जबलपुर से इंदौर की यात्रा करीब दो घंटे में पूरी हो जाती थी। हवाई सेवा बंद होने के बाद यात्रा में अधिक समय लगेगा।

व्यापार के साथ-साथ चिकित्सा, शिक्षा और पर्यटन के लिए भी दोनों शहरों के बीच बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में हवाई कनेक्टिविटी खत्म होने का असर यात्रियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों पर पड़ने की आशंका है।

वैकल्पिक कनेक्टिंग रूट का विकल्प.....

विमानन क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि उड़ान को पूरी तरह बंद करने के बजाय कंपनी वैकल्पिक कनेक्टिंग रूट पर विचार कर सकती है। जबलपुर-इंदौर-अहमदाबाद अथवा जबलपुर-इंदौर-पुणे जैसे मार्गों से उड़ान को जोड़ा जा सकता है। इससे यात्रियों को इंदौर के माध्यम से देश के अन्य प्रमुख औद्योगिक और व्यावसायिक शहरों तक पहुंचने का विकल्प मिल सकेगा। जानकारों के अनुसार, डुमना एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण पर बड़ी राशि खर्च होने के बाद यहां नियमित हवाई सेवाओं का विस्तार जरूरी है। ऐसे में नए टर्मिनल की क्षमता और सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए विमानन कंपनियों को जबलपुर से नए मार्ग विकसित करने के साथ मौजूदा कनेक्टिविटी बनाए रखने पर भी ध्यान देना चाहिए।

सत्येन्द्र कुमार शेन्डे को पी-एच.डी.उपाधि प्राप्त

जबलपुर, (एजेंसी)। शोध केन्द्र, हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर के शोधार्थी सत्येन्द्र कुमार शेन्डे को पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। आपने अपना शोध कार्य प्रो. अरुण शुक्ल, प्राध्यापक हिंदी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस"कैलाश वनवासी के कथा साहित्य में अभिव्यक्त निम्न-मध्यम वर्गीय जीवन" शीर्षक पर पूर्ण किया।

दस फीट गहराई में ड्रेनेज २.० की खुदाई

बुरहानपुर (एजेंसी)। जमात खाना रोड पर तेजी से बिछ रही पाइप लाइन रोशन चौक से बुधवार चौराहे तक चल रहा काम, शहर के गंदे पानी को फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने की कवायद सीवरेज और खुली नालियों से मिलेगी राहत, लोकिन सड़क खुदाई के बाद मरम्मत पर भी रहेगी नजर बुरहानपुर। शहर की सीवरेज लाइनों और खुली नालियों के गंदे पानी को व्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम में लाने के लिए ड्रेनेज २.० योजना के तहत काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में रोशन चौक से बुधवार चौराहे की ओर जाने वाले जमात खाना रोड पर बड़े स्तर पर खुदाई कर पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है। सड़क के नीचे करीब १० फीट की गहराई तक खुदाई कर बड़े आकार के पाइप डाले जा रहे हैं।

योजना के तहत इन पाइपलाइनों के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों से निकलने वाले गंदे पानी को एक व्यवस्थित नेटवर्क से जोड़कर फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।